संख्या–4103 / सम–73–2010

प्रेषक,

शिवशंकर सिंह,
विशेष सचिव एवं स्टाफ आफिसर,
कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परियोजना समन्वयक,
उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजना,
गोमतीनगर, लखनऊ।

समन्वय अनुभाग   लखनऊः दिनांक 22 फरवरी,2011

विषयः– जनपद छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के गठन के उपरान्त जिला स्तरीय कर्मचारियों के पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–3160 / 424 जे. (प्रशा.) / डास्प–II / 2009, दिनांक 27.12.2010 के सन्दर्भ में, एवं शासनादेश संख्या–2590 / सम–73–2010, दिनांक 08.12.2010 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय कृषि विविधीकरण परियोजना के अन्तर्गत छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के लिए सहायक प्रबन्धक (सिस्टम) का एक पद रूपये–8000 / – प्रतिमाह नियत मानदेय पर इस आदेश के जारी होने की तिथि से दिनांक 28.02.2011 तक सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। यह पद आउटसोर्सिंग के आधार पर भरा जायेगा।

2– शासनादेश संख्या–2590 / सम–73–2010, दिनांक 08.12.2010 में उल्लिखित शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत् रहेंगे।

3– उक्त पद पर होने वाला व्यय भार चालू वित्तीय वर्ष 2010–2011 के अनुदान संख्या–11 के लेखाशीर्षक– "2401–फसल कृषि कर्म–109–विस्तार तथा किसानों को प्रशिक्षण–97–यू0पी0 डाइवर्सीफाइड एग्रीकल्चर सपोर्ट प्रोजेक्ट (फेज–II) (विश्व बैंक पोषित)–42–अन्य व्यय " के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–1–15 / दस–11, दिनांक 22.02.2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

/

(शिवशंकर सिंह)
विशेष सचिव एवं स्टाफ आफिसर,
कृषि उत्पादन आयुक्त

..2..

संख्या—4103(1)/सम—73—2010,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. महालेखाकार, लेखा व हकदारी प्रथम/लेखापरीक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. सम्बन्धित जनपद के कोषाधिकारी
4. वित्त (व्यय—नियन्त्रण) अनुभाग—1/नियोजन अनुभाग—3/वित्त (आय—व्ययक) अनुभाग—1
5. राजस्व अनुभाग—5
6. कृषि अनुभाग—3
7. वैभागिक आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(लालू)
अनु सचिव